प्राचीन नरसिंह मंदिर में सुंदरकांड हवन के साथ 721 घण्टे का अखंड मानस का समापन

टांडा (धार)- नगर के प्राचीन पांच धाम एक मुकाम नरसिंह मंदिर में मानस मंडल टांडा के तत्वावधान में गत वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी एक माह तक आयोजित 721 घण्टे का अखंड रामचरित मानस पाठ का पूर्णिमा के पावन अवसर पर विधि-विधान एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ समापन हुआ। एक माह तक मंदिर परिसर में लगातार रामचरित मानस की चौपाइयों का पाठ गूंजता रहा। पूर्णाहुति के अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे शुभ मुहूर्त में सुंदरकांड हवन प्रारंभ हुआ। महीनेभर तक मानस पाठ में अपनी सहभागिता देने वाले श्रद्धालुओं सहित नगर के सैकड़ों रामभक्त मंदिर पहुंचे। सुंदरकांड की चौपाइयों के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। अखंड मानस रूपी इस महायज्ञ में नगर के अनेक रामभक्तों ने बारी-बारी से रामचरित मानस का पाठ कर अपनी समय रूपी आहुति दी। श्रद्धालुओं की निरंतर सहभागिता से एक माह तक यह धार्मिक आयोजन उत्साह एवं भक्ति के साथ चलता रहा। हवन की पूर्णाहुति दोपहर करीब 12 बजे हुई। इसके पश्चात भगवान हनुमानजी की विधिवत आरती उतारी गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूर्णाहुति के अवसर पर भगवान हनुमानजी का विशेष चोला श्रृंगार किया गया। वहीं मानस मंडल की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। भक्तों ने प्रसादी ग्रहण कर धार्मिक आयोजन का लाभ लिया। गौरतलब है कि नगर में एक माह तक अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन दूसरी बार किया गया है। मानस मंडल टांडा द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने पूरे माह नगर में आध्यात्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बनाए रखा। पूर्णाहुति के साथ आयोजन का समापन हुआ।

वीरांगना रानी दुर्गावती सीनियर छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

टांडा (धार)- वीरांगना रानी दुर्गावती सीनियर छात्रावास टांडा का शनिवार को अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण दल में एसडीएम कुक्षी पाटिल आशीष अशोक , नायब तहसीलदार बाग कैलाश डामोर, जनपद पंचायत बाग के सीईओ विष्णु गुप्ता, बीईओ बाग डीएस बघेल एवं बीआरसीसी बाग धर्मेन्द्र ठाकुर शामिल रहे।अधिकारियों ने छात्रावास परिसर का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान छात्रावास की वाउंड्रीवॉल के ऊपर तार फेंसिंग करवाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्रावास की अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार एवं गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती संगीता मंडलोई उपस्थित रहीं।

बाग में नवकार महामंत्र आराधना का भव्य समापन

बाग में पूज्य ऋजुप्रिया श्रीजी आदि ठाणा के पावन सान्निध्य में चातुर्मास चल रहा है। इसी दौरान 20 से 28 अगस्त तक नवकार महामंत्र आराधना का आयोजन किया गया। इस नौ दिवसीय आराधना में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह, श्रद्धा एवं भक्ति के साथ एकाशन की तपस्या की। इस आराधना में बड़ी संख्या में आराधकों ने अपना नाम लिखवाकर तपस्या में सहभागिता की।

सम्पूर्ण नौ दिवसीय एकाशन तपस्या का लाभ एवं तपस्या के पारणे का लाभ सेक्रेटरी परिवार ने लिया। श्रद्धालुओं ने आत्मिक शांति एवं धार्मिक भावना के साथ आराधना को पूर्ण किया। 29 अगस्त की सुबह विमल जयंती मांगलिक भवन में नवकार महामंत्र आराधना का पारणा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे भवन में श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक वातावरण बना रहा। पूज्य साध्वीश्री ने श्रद्धालुओं को नवकार महामंत्र की महिमा बताते हुए धर्म, तप एवं संयम के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने नवकार महामंत्र के नियमित स्मरण एवं आराधना से जीवन में आने वाली सकारात्मकता और आत्मिक शांति के महत्व को समझाया। नवकार महामंत्र आराधना का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा एवं आत्मिक शांति प्रदान करने वाला रहा।ये खबर क्रिया सेक्रेटरी ने दी।

ठाट-बाट से निकली राजाधिराज बाबा अर्धचंद्रेश्वर महादेव की शाही सवारी

निसरपुर। (विशाल गुप्ता)नगर के आराध्य एवं अतिप्राचीन राजाधिराज बाबा अर्धचंद्रेश्वर महादेव की शाही सवारी श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि पर शुक्रवार शाम 5 बजे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से निकाली गई। भगवान अर्धचंद्रेश्वर महादेव की शाही पालकी नगर भ्रमण पर निकली तो पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शाही सवारी में शामिल हुए।

शाही सवारी के लिए भगवान अर्धचंद्रेश्वर महादेव के गर्भगृह में जगन्नाथ स्वरूप में विशेष महाशृंगार किया गया। फूलों एवं आकर्षक विद्युत रोशनी से सुसज्जित पालकी में बाबा की श्रृंगारित प्रतिमा विराजित की गई। मंदिर से प्रारंभ हुई शाही सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह बाबा की पालकी का पूजन-अर्चन किया तथा पुष्पवर्षा कर बाबा और भक्तों का स्वागत किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां- शाही सवारी में विभिन्न शहरों से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इंदौर के कलाकारों ने मां कालिका स्वरूप नृत्यकला एवं रुद्रावतार शिव तांडव की प्रस्तुति दी। बड़वाह के कलाकारों ने श्री राधाकृष्ण स्वरूप नृत्यकला, श्री महाबली हनुमानजी की कला तथा इंदौर के कलाकारों ने अघोरी नृत्य की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। बड़वाह के कलाकारों ने श्री राधाकृष्ण संग गोपियों की नृत्य प्रस्तुति दी, जबकि अन्य के सुप्रसिद्ध टिमली कलाकारों ने गुजराती लोकनृत्य प्रस्तुत कर लोगों को आकर्षित किया। कनक धाम आश्रम के संत श्री श्री 1008 श्री अयोध्या दास जी महाराज एवं कष्टभंजन देव बालाजी धाम के संत श्री शांतिप्रिय दास जी महाराज भी बग्गी पर विराजित होकर शाही सवारी में शामिल हुए।

ढोल-ताशे, झांकियां और आतिशबाजी रही आकर्षण का केंद्र- शिव डोले में बाबा महाकाल की आकर्षक झांकियां, ढोल-ताशे, रंगारंग प्रकाशीय झूमर तथा विभिन्न प्रकार की साज-सज्जा आकर्षण का केंद्र रही। शाही सवारी के दौरान रंगारंग आकाशीय आतिशबाजी ने आसमान को रोशन कर दिया। श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी का आनंद लेते हुए हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे लगाए। शिव भजन मंडल निसरपुर के कलाकारों ने पूरे मार्ग में सुमधुर शिव भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पेड़ा एवं मिष्ठान प्रसादी, प्रजापत समाज द्वारा स्वल्पाहार और शीतल पेय के स्टॉल लगाए गए। बाबा बर्फानी ग्रुप की ओर से श्रद्धालुओं को नींबू शर्बत एवं ठंडाई वितरित की गई। साथ ही निसरपुर प्रेस क्लब द्वारा भी शिव भजन मंडल के सदस्यों का बैच लगाकर स्वागत किया गया।

सामूहिक सहयोग से हुआ आयोजन-शाही सवारी के दौरान मित्र मंडल सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने बाबा अर्धचंद्रेश्वर महादेव की पालकी का फूलों से भव्य स्वागत किया। नगरवासियों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों के सामने पालकी का पूजन कर आरती उतारी और पुष्पवर्षा की। श्री महाकाल भक्त मंडल द्वारा शाही सवारी का यह सातवां वर्ष था।आयोजन को सफल बनाने में नगरवासियों एवं आसपास के ग्रामीणजनों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

मप्र सरकार बुलाएं विशेष सत्र, टीईटी से छुट की मांग को लेकर आज दिल्ली में जुटेंगे शिक्षक

धार। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सेवारत शिक्षकों की शिक्षक पात्रता परीक्षा लेने को लेकर 21 अगस्त से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो की 4 सितंबर तक चलेगी। लेकिन फिलहाल बहुत ही कम शिक्षक आवेदन कर रहे हैं। शिक्षकों को उम्मीद है कि प्रदेश सरकार परीक्षा में बहुत सारे मामले को लेकर शिथिलता प्रदान करेगी तभी फॉर्म भरेंगे। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने गत दिनों शिक्षा मंत्री एवं लोक शिक्षण आयुक्त को इस संबंध में अवगत भी कराया था। लेकिन आश्वासन मिले हैं।

चर्चा के बाद सार्थक परिणाम आदेश के रूप में अब तक नजर नहीं आए हैं। दरअसल टीईटी परीक्षा को लेकर जो आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई है, उसमें अब भी शिक्षक असमंजस में चल रहे हैं कि आखिरकार परीक्षा किसे देनी है। कई शिक्षक ऐसे हैं जो पदोन्नति पा चुके हैं तो उन्हें मूल पद की परीक्षा देनी है या पदोन्नति वाले पद की यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है। वहीं 2005 और 2009 वाले शिक्षकों की स्थिति भी स्पष्ट नहीं है। शिक्षक मांग कर रहे हैं की परीक्षा ऑफलाइन हो और जिला या तहसील स्तर पर हो। जबकि परीक्षा के तहत जो फॉर्म भरे जा रहे हैं और जो नियम निर्देश जारी हुए हैं उसके तहत परीक्षा ऑनलाइन होनी है। प्रदेश के बड़े शहर इंदौर, भोपाल जबलपुर आदि जगह परीक्षा होगी। जैसा की सीधी भर्ती वाले आवेदकों की होती है। मप्र ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शैलेष मालवीय ने बताया कि टीईटी से छूट देने की मांग को लेकर और माननीय प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करने को लेकर जिले सहित प्रदेश और देशभर के शिक्षक 30 अगस्त को दिल्ली में जुटेंगे और प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांग है कि केंद्र सरकार संसद में अध्यादेश लाकर नियम में संशोधन करें और लाखों शिक्षक और उनके परिवार को टीईटी परीक्षा के बंधन से मुक्त करें और उनकी सेवा को सुरक्षित करें।

विधायक ने लिखा पत्र, विशेष सत्र बुलाएं-इधर कुक्षी के विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर वर्ष 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्त रखने की मांग की है। साथ ही इस संबंध में निर्णय लेने के लिए मध्य प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। विधायक ने पत्र में कहा कि प्रदेश के हजारों शिक्षक ऐसे हैं जिनकी नियुक्तियां वर्ष 2010 से पहले नियम अनुसार हुई थी। वे 15 से 20 वर्षों से अधिक समय से शिक्षा व्यवस्था में सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में उनके साथ न्याय होना चाहिए और परीक्षा के नाम पर किसी को नौकरी से निकाला जाना न्याय संगत नहीं है। इसी संबंध में सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने भी पत्र लिखा है। इधर शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने भी प्रदेश सरकार से तमिलनाडु सरकार की तर्ज पर विधानसभा में विशेष सत्र बुलाकर प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने और टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की है।

अध्यक्ष डीके सिंगौर लगातार कर रहे प्रयास- इधर मप्र ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर टीईटी परीक्षा में छूट को लेकर न्यायपालिका के साथ ही सदन सहित सड़कों पर लगातार प्रयास कर रहे हैं। वे इस मामले को लेकर इतने गंभीर है कि लगातार अपने शिक्षकों से बात करते हुए कहीं से कोई राहत मिल जाए या शिथिलता मिल जाए। इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह आखिर तक इस लड़ाई को जारी रखेंगे और एक भी शिक्षक का अहित नहीं होने देंगे।

नवागत एसडीएम पाटिल ने किया आश्रम छात्रावास का निरीक्षण

बाग -शासकी छात्रावास एवं आश्रमों की व्यवस्थाओ को परखने के लिए शासकीय महकमा सक्रिय होकर दिनांक 29/08/2026 को वीरांगना रानी दुर्गावती सीनियर छात्रावास एवं बालक आश्रम, टांडा का आकस्मिक निरीक्षण नवागत कुक्षी एसडीएम आशीष अशोक पाटिल , तहसीलदार कैलाश डामोर . जनपद सीईओ विष्णु कुमार गुप्ता बाग ,बीईओ डीएस बघेल, एवं बीआरसी धर्मेन्द्र ठाकुर के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास एवं आश्रम में पानी की टंकी की साफ-सफाई, कमरों में विद्युत/लाईट की व्यवस्था, आर.ओ. की साफ-सफाई, विद्यार्थियों की उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान नवागत एसडीएम पटेल द्वारा आश्रम छात्रावास की समस्त व्यवस्था को बारीकी से परखते हुए अधिकक्षों को निर्देश दिए गये की बच्चों की शिक्षा से लेकर उनके स्वास्थ तक पर अपनी नजर रखें किसी बात की परेशानी नहीं होना चाहिए ओर नहीं व्यवस्था की कमी रहना चाहिए साफ सुथरा एवं गुणवत्ता भोजन सुबह शाम दिया जाए संस्थाओं में पुरी तरह साफ सुथरा रखा जाए ।

ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की माता जी का निधन



धार। मध्यप्रदेश शासन के राज्यस्तरीय स्वतंत्र पत्रकार धार प्रेस क्लब अध्यक्ष जिला रोगी कल्याण समिति सदस्य भाजपा के पूर्व संभागीय सह मीडिया प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की माताजी व स्वर्गीय सत्य प्रकाश त्रिपाठी की धर्मपत्नी किशोरी देवी का कल स्वर्गवास हो गया। श्रीमती त्रिपाठी कुछ दिनों से अस्वस्थ थी उनकी अंतिम यात्रा निज निवास हरजी फलिया रसमंडल से निकली जिसमे शहर और आसपास के लोग बडी संख्या में शामिल हुए। किशोरी देवी त्रिपाठी के निधन पर प्रेस क्लब जिला प्रेस क्लब सहित जिले भर के पत्रकारों सामाजिक राजनीतिक संगठनों व गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक बैठक शनिवार 29 अगस्त को श्री अग्रसेन धर्मशाला धार मंडी में 4 से 5 रखी गई है

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा पराग स्वीट्स की फैक्ट्री में निरीक्षण के दौरान गुजिया में मिला फंगस, मौके पर कराया विनिष्टीकरण



धार। धार नगर स्थित पराग स्वीट्स की मिठाई फैक्ट्री का गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में संग्रहित गुजिया में फंगस पाया गया। जांच में यह खाद्य सामग्री मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाई गई। जनस्वास्थ्य की दृष्टि से मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित खाद्य सामग्री के विनिष्टीकरण की कार्रवाई की गई। अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठान संचालक को खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, स्वच्छता, गुणवत्ता नियंत्रण तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा बताया गया कि जनस्वास्थ्य से संबंधित मामलों में लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते समय उनकी गुणवत्ता, स्वच्छता, पैकेजिंग एवं समाप्ति तिथि की जांच अवश्य करें।

दुर्गेश बिरथरे की एकल चित्र प्रदर्शनी 'इमैजिनेटिव मेमोरी' का 26 अगस्त से दिल्ली में हुआ शुभारंभ

धार । कला-सृजन जीवन, संस्कार और प्रकृति से प्रेरित होता है। ऐसे ही कलाकार दुर्गेश बिरथरे की कला भी प्रकृति से प्रेरित है। दुर्गेश बिरथरे शासकीय ललित कला महाविद्यालय, धार में चित्रकला के शिक्षक हैं । उनकी एकल चित्र प्रदर्शनी 'इमैजिनेटिव मेमोरी' का आयोजन श्रीधरानी गैलरी, त्रिवेणी कला संगम, मंडी हाउस, नई दिल्ली में 26 अगस्त से 1 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है । इस प्रदर्शनी को देश के प्रसिद्ध चित्रकार श्री अखिलेश जी द्वारा क्यूरेट किया जा गया प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रख्यात कवि एवं संस्कृतिकर्मी श्री अशोक वाजपेयी द्वारा 26 अगस्त 2026 को शाम 5 बजे किया गया। उद्घाटन समारोह में अखिलेश जी द्वारा बताया कि दुर्गेश धार जिले के कलाकार है जहाँ से फड़के साहब भी एक बड़ा नाम रहे है और साथ इंदौर फाइन आर्ट कॉलेज के संस्थापक डीडी देवलालीकर धार शहर के समीप से ही रहे है दुर्गेश द्वारा जो चित्र यह प्रदर्शित किए गए है वह प्राकतिक चित्रों के साथ साथ प्रकृति को उनको देखने का एक नया नजरिया है उनकी रंगों की समझ और चित्रण प्रणाली में धैर्य हमें महसूस



यह प्रदर्शनी-27/08/26 से 01/09/26 तक अवलोकन के लिए खुली रहेगी इस प्रदर्शनी में दुर्गेश बिरथरे द्वारा बनाए गए कुल 31 चित्र प्रदर्शित किए जाएंगे । ये सभी चित्र ऐक्रेलिक रंगों से कैनवास पर बनाए गए हैं । चित्रों का आकार 5M10 फीट से लेकर 2M2 फीट तक है। दुर्गेश बिरथरे ने अपने चित्रों में प्रकृति, अनुभव और स्मृतियों को अपनी विशिष्ट अमूर्त शैली में अभिव्यक्त किया है । उनकी कला-कृतियों में प्रकृति के साथ कलाकार के आंतरिक संवाद और कल्पनात्मक स्मृतियों की झलक दिखाई देती है । दिल्ली में होने जा रही इस प्रदर्शनी के आयोजन के लिए शासकीय ललित कला महाविद्यालय, धार के शिक्षकक्षकगण व समस्त छात्र-छात्राओं एवं कला प्रेमियों ने दुर्गेश बिरथरे को सफल प्रदर्शनी के लिए शुभकामनाएं दी हैं । दुर्गेश को सन 2016 में 29हृद्ध सर्वश्रेष्ठ नागपुर द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार एवं 2022 में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुके है, इनके सामूहिक एव एकल चित्रों की प्रदर्शनी देश एवम विदेश में आयोजित की जा चुकी है ।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

वाणिज्य शाखा – ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी का उद्देश्य: वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर केटरिंग यूनिटों के प्रबंधन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है।केटरिंग: **• कैटलॉग** IREPS वेबसाइट के **ई-ऑक्शन** मॉड्यूल पर प्रकाशित किया गया है। **• कैटलॉग संख्या:** C45-CTG-RTM-26 **• अनुबंध का प्रकार:** केटरिंग यूनिटलॉट संख्या: **1)** Catg-RTM-THDR-GMU-9-23-1 **2)** Catg-RTM-PPD-GMU-12-23-1 **3)** Catg-RTM-RAU-GMU-8-23-1 **4)** Catg-RTM-BMI-GMU-250-25-1 **5)** Catg-RTM-RJQ-GMU-7-23-1 **6)** Catg-RTM-FTD-GMU-25-23-1 **7)** Catg-RTM-MGN-SMU-246-25-1 **8)** Catg-RTM-THDR-SMU-253-26-1 **9)** Catg-RTM-RTM-SMU-248-25-1 **• अनुबंध की अवधि:** 5 वर्ष **• ई-नीलामी की तिथि एवं समय:** सभी लॉट के लिए ई-नीलामी 10/09/2026 को प्रातः 11:30 बजे प्रारंभ होगी। **• प्रारंभिक कुलिंग-ऑफ अवधि:** 30 मिनट। **• अनुक्रमिक लॉट के समापन का अंतराल:** 10 मिनट। **• लॉट साइज समापन समय:** IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर देखा जा सकता है। CRY/2229A

Like us on: facebook.com/WesternRly

महाराष्ट्र महसूल न्यायाधिकरण, मुंबई
कार्यालय:-जुने सचिवालय, २ रा मजला, फोर्ट, मुंबई ३२
दूरध्वनि क्रमांक ०२२-२२८४६३४
Email: registrarmtt@yahoo.in
क्र. अण्वाय टेनन्सी/आईकी/ठाणे/एल-४१५/२५
दिनांक :- १०/०८/२०२६

प्रति,
४. नथमल रेखाचंद संचेती,
रा. मेहरबान रोड, भसाळी क्वॉटर, मु.पो. खेतीया, ता. पानशेमल,
जि. बडवाणी, मध्यप्रदेश

विषय :- सुनावणी नोटीसबाबत

बरील नांव धारण करणारा, अर्जदार यांनी उपविभागीय अधिकारी भिवंडी, जि. ठाणे यांचेकडील क्र. टेनन्सी अपिल क्र. १५४/२०१० दि. १५/०१/२०२० च्या आदेशाविरुध्द दाखल केलेल्या रिव्हीजन अर्जाची सुनावणी दिनांक ०१/१०/२०२६ रोजी सकाळी ११.०० वाजता न्यायाधिकरणापुढे खालील पत्यावर करण्याचे निश्चित केले आहे याची समज घ्यावी. पुढील सुनावणी तारखेस तुम्ही जातीने किंवा प्राधिकृत प्रतिनिधी किंवा वकिला मार्फत न्यायाधिकरणापुढे हजर झाला नाहीत, तर न्यायाधिकरण सदरहू अर्जाची एकतर्फी सुनावणी करील व त्या संबंधात योग्य तो आदेश दईल.

सही/-
प्रबंधक
महाराष्ट्र महसूल न्यायाधिकरण मुंबई करिता

शिक्का

सुनावणीचे ठिकाण
महाराष्ट्र महसूल न्यायाधिकरण, मुंबई यांचे कार्यालय, जुने सचिवालय, विस्तार इमारत, २ रा मजला, फोर्ट, मुंबई-३२